# श्मशान घाटों ने खोली जिले के विकास कार्यों की पोल

## पीपलखेड़ा में श्मशान न होने से परेशान लोगों ने किया चक्काजाम, कुंवरपुर में चाबी न मिलने पर खुले में किया दाह संस्कार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में हुए विकास की इबारत आए दिन नेताओं द्वारा मंचो से पड़ी जाती है और जनता से खूब वाहवाही लूटी जाती है, लेकिन विकास की इसी इबारत की पोल जिले के श्मशान घाट आए दिन उजागर कर रहे है, क्योंकि जिले के कई गांवों में आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी श्मशान घाट नहीं बने है, वहीं बन गए है, तो उनका उद्घाटन नहीं हुआ है, जिसके कारण उनका उपयोग कोई नहीं कर सकता। ऐसे ही दो मामले रविवार को सामने आए जहां जिलामुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पीपलखेड़ा में श्मशान घाट न होने से परेशान लोगों ने चक्काजाम कर दिया और मृतिका के शव को दाह संस्कार के लिए अशोकनगर के मुक्तिधाम लाना पड़ा, तो वहीं दूसरा मामला चंदेरी जनपद की ग्राम पंचायत नानकपुर के ग्राम कुवंरपुर का जहां मुक्तिधाम तो बन गया, लेकिन उसका उद्घाटन न होने के कारण उसका कोई उपयोग नहीं कर सकता, जिसके चलते ग्रामीणों को खुले में टीन और तिरपाल लगाकर दाह संस्कार करना पड़ा।



**मुक्तिधाम न होने से पीपलखेड़ा के रहवासियों ने किया चक्काजाम:**

दरअसल शहर के समीपस्थ ग्राम पीपलखेड़ा में मुक्तिधाम न होने से बारिश के समय में दाह संस्कार के लिए परेशान हो रहे ग्रामीणों द्वारा विदिशा रोड़ पर चक्काजाम कर दिया। वहीं चक्काजाम की जानकारी जैसे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को लगी तो मौके पर पटवारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, एसडीएम पहुंचे, जहां चक्काजाम कर लोगों को अधिकारियों ने समझाइस दी, लेकिन ग्रामीण लिखित आश्वासन पर अड़ गए। वहीं आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण मृतिका कुसुमबाई पत्नि फूलसिंह अहिरवार को दाह संस्कार के लिए अशोकनगर के पठार स्थित मुक्तिधाम लाए, जहां मृतिका के शव का दाह संस्कार किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पीपलखेड़ा गांव बरखेडा जागीर पंचायत में आता है, जहां आजादी के बाद से आज तक शमशान का निर्माण नहीं हुआ, जिसकी बजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं बताया कि जिन लोगों पर भूमि होती है वह अपने परिवार के लोगों का दाह संस्कार वहां पर कर लेते है, लेकिन जिनके पास जमीन नहीं होती है, उन्हें इसी तरह परेशान होना पड़ता है।

### उद्घाटन न होने से नहीं मिली मुक्तिधाम की चाबी

चंदेरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत मानकपुर के ग्राम कुवरपुर से एक शर्मसार करने वाली बात सामने आई, यहां 25 वर्षीय पवन अहिरवार की सड़क दुर्घटना में आई चोटो के कारण मृत्यु हो गई, तो उपस्थित ग्रामीणों और रिश्तेदारों द्वारा दाह संस्कार की तैयारी की गई और उसके बाद गांव में नवनिर्मित मुक्तिधाम पर दाह संस्कार ले जाने का निर्णय हुआ, लेकिन वहा ताला लगा होने के कारण ग्रामीण परेशान हो गए, जब ग्रामीणों द्वारा पंचायत सचिव से चाबी मांगी गई, तो पंचायत सचिव ने उद्घाटन न होने की बजह से चाबी देने से इंकार कर दिया। जिसके कारण ग्रामीणों को खुले में ही टीन और तिरपाल लगाकर दाह संस्कार करना पड़ा।

***इनका कहना है।***

*शमशान घाट का निर्माण पूर्व सरपंच द्वारा नहीं कराया गया, जिसके कारण पूर्व सरपंच पर धारा 92 के तहत गबन की कार्रवाई की जा रहीं है। वहीं भूमि का सीमांकन कराकर शमशान का निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है। जहा दिक्कत आ रहीं वहीं कार्य शुरू किए है।*

***बृज विहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम अशोकनगर।***



# जीएसटी ग्रुप करेगा पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष जीएसटी(गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट) ग्रुप द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। जिसके ग्रुप द्वारा रविवार को पांच सैंकड़ा से अधिक पौधे मंगवाए गए है।

दरअसल जीएसटी ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष पौधारोपण किया जाता है, इसी तारम्यता में इस वर्ष भी पौधारोपण किया जाएगा, जिसके चलते पौधे मंगाए गए थे, जो रविवार को ग्रुप के सदस्यों के पास पहुंचे। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि ग्रुप द्वारा विगत चार वर्षो से पौधारोपण किया जा रहा है। जहां विगत वर्ष एक हजार पौधे लगाए गए थे, तो वहीं इस वर्ष पौधारोपण की शुरूआत की गई, जिसके चलते पांच सैंकड़ा पौधे मंगाए गए। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि यह पौधे उन लोगों को निशुल्क दिये जायेगे, जो पौधारोपण करना चाहते थे, साथ ही उन लोगों से इन पौधो की देखभाल की जिम्मेदारी ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि ग्रुप द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पौधारोपण करने वाले लोगों से अपील की जाती है कि वह ग्रुप से पौधे ले और पौधारोपण करे। रविवार को शहर में पहुंचे पौधे की विशेष बात ये है कि जो पौधे ग्रुप द्वारा मंगवाए गए है, उनकी विशेष देखभाल नहीं करनी पड़ती।

## एक नजर में



### नेत्र शिविर में 130 मरीजों की आंखो की जांच 52 के ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**नवभारत न्यूज अशोकनगर।** रोटरी क्लब द्वारा श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से रविवार को रोटरी भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर जांच करवाई। वहीं आधा सैंकड़ा मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गए। इस नेत्र शिविर में श्री करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के डॉ. दीपक सिंह ने 130 मरीजो की आंखो का परीक्षण कर 52 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी क्लब द्वारा अशोकनगर में प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है। जिसमे जिला सहित अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते है। इस अवसर पर अध्यक्ष अजीत जैन,सचिव अक्षय जैन, रोटेरियन रोशन कोहली, सुभाष जैन, प्रदीप मनोरिया, विनोद सोनी, मनोज सोनी, माधोसिंह रघुवंशी, इंटरेक्ट क्लब संस्कृति अध्यक्ष महिमा नामदेव, उपाध्यक्ष अर्थव शर्मा, सचिव आशी पालीवाल, सदस्य निदा खान, जयदीप सिंह, शिवगनेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मूसलाधार बारिश में भी रक्तदान करने पहुंचे रक्तदाता



**नवभारत न्यूज अशोकनगर।** मौसम चाहे जैसा भी होता अच्छे लोग अच्छे काम हमेशा करते रहते हैं ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्य हर परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद करते है, तो वहीं ग्रुप की महिला सदस्य भी हमेशा मदद के लिए तत्पर रहती हैं। हाल ही में ग्रुप की सदस्य प्रीति अमर राठौर ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने ईसागढ़ से जिला अस्पताल आकर रक्तदान किए। वहीं डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही भव्या शर्मा ने भी अपने जन्मदिन पर अपने पिता हेमंत शर्मा के साथ रक्तदान किए, इनके अलावा ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान किए, मरीजों के परिजनों ने ब्लड हेल्प ग्रुप के नेक कार्य की सराहना की।

# लगातार बारिश से उफान पर नदी-नाले

## सोशल मीडिया पर दिन भर दिखा पानी की अव्यवस्थाओं का अंबार







**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में लगातार हो रहीं बारिश से नदी, नाले उफान पर आ गए और सड़के तालाब में तब्दील हो गई, जिसके कारण स्थानीय रहवासियों से लेकर राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। तो वहीं शहर को जल आपूर्ति कराने वाला अमाही तालाब भी लबालव हो गया है। इसके अलावा चंदेरी स्थित राजघाट बांध में पानी अधिक होने के कारण उसके गेट खोले गए। तो वहीं रविवार को हुइ बारिश के कारण जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। वहीं बारिश के कारण विनीति टॉकीज के पास स्थित मंदिर की दीवार गिर गई।

दरअसल जिले में शनिवार की शाम से बारिश होना शुरू हो गई, जो रात को भी रिमझिम, तो कहीं झमाझम बारिश हुई। इस अलावा रविवार की अल सुबह तेज बारिश होने से शहर के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति देखी गई। तो वहीं मूसलाधार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी ही पानी नजर आया। तो वहीं नगरपालिका द्वारा हाल में बनाई गई नवीन सब्जी तालाब में तब्दील हो गई, जिसकी बजह से वहां पहुंचे सब्जी विक्रेताओं के वाहन पानी में डूब गए और सब्जीयां तैराती नजर आई। साथ ही बारिश की बजह से निचली बस्तियों में पानी भर गया, जिसकी बजह से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**राजघाट बांध के खोले गेट:**

जिले में लगातार हो रहीं बारिश और समीपस्थ जिले में हुई बारिश के क ारण राजघाट बांध में पानी अधिक हो गया, जिसके कारण राजघाट बांध के गेट खोले गए, गेट खोलने से पूर्व सहायक अभियंता द्वारा इसकी सूचना दी गई और उसके बाद गेट खोले गए। रविवार दोपहर करीब 12 बजे बांध से लगभग 30,000/क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके कारण वहां निकलने वाली नहर में पानी ही पानी नजर आया।

**उफान पर आए नदी, नाले:**

बीते दिनो से जारी बारिश और शनिवार रविवार को हुई लगातार बारिश के कारण जिले के नदी-नाले उफान पर आ गये, जिसके कारण राहगीर इन रास्तों पर अपनी जान जोखिम में डालकर पार करते नजर आए। इस दौरान जहां अशोकनगर-पिपरई मार्ग पर बनी कजराई पुलिया के ऊपर से करीब तीन फीट ऊपर पानी बहता नजर आया। तो वहीं शहर के मूतना नाले सहित अन्य नालों के ऊपर से पानी बहता नजर आया।

**नपाध्यक्ष ने लिया जायजा:**

लगातार हो रहीं बारिश से जल जमाव की स्थिति को देखते हुए नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, उपाध्यक्ष पति मनोज शर्मा के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और जल जमाव से हो रहीं परेशानियों को देखा। इसके बाद उन्होंनें नपा अमले को निर्देशित किया। जिसके बाद जेसीबी के माध्यम से भरे हुए पानी निकलने के बाद रास्ता बनाया गया। वहीं पानी की निकासी हो जाने के बाद स्थानीय रहवासियों द्वारा राहत की सांस ली गई। वहीं नपाध्यक्ष ने आश्वास्त किया कि कोई दिक्कत तो तुरंत सूचना दे।

### सड़कें दिखी पानी से लबालबः

रविवार की सुबह हुई तेज बारिश के कारण विदिशा रोड़ सड़के पानी से लबालव भरी नजर आई। जिसके कारण कई वाहन इस पानी में फसते नजर आए। इस दौरान पुराने बस स्टैंड से लेकर त्रिदेव मंदिर तक सड़कों पर पानी भरा हुआ नजर आया। जिसके कारण सुबह यहा से गुजरने वाली टेक्सी और मोटर साईकिल इसमें फसते नजर आए। जिन्हें अन्य लोगों द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया गया।

### सोशल मीडिया सहित नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

लगातार हो रहीं बारिश के कारण शहर की पिछली वस्तियों में पानी भर गया, तो वहीं जलभराव के कारण लोगों को दिक्कतो का सामना करना पड़ा, इसकी जानकारी जैसे ही नेता प्रतिपक्ष को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और जलभराव की स्थिति को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन पर सवाल खड़े किए। इस दौरान उनका कहना था बारिश पूर्व किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे है, जिसकी बजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जल जमाव की स्थिति को लेकर दिनभर लोग सोशल मीडिया पर नगरपालिका प्रशासन पर सवाल खड़े करते नजर आए। जिसमें मुख्य रूप से नवनिर्मित सब्जी मंडी का था।

### आरक्षण प्रणाली का विरोध आज

**अशोकनगर।** केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जनरल वर्ग के बच्चों को आरक्षण प्रक्रिया के तहत स्थान नहीं मिल पाया है, जिसके विरोध में सोमवार को जनरल वर्ग के अभिभावकों द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं बैठक से पूर्व जनरल वर्ग के लोग गुना रोड़ स्थित स्वामी मैरिज गार्डन में एकत्रित होंगे।

### सामूहिक हड़ताल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका देगी ज्ञापन

**अशोकनगर।** जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सामूहिक आज सामूहिक अवकाश पर रहेगी, इसके साथ ही अपनीं मांगो लेकर 15 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेगी। यह पद्रर्शन प्रांतीय आह्वान पर एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहकर अपनी जायज मांग परमानेंट सहित अन्य मागों को लेकर आंगनवाड़ियों में तालाबंदी कर जिला मुख्यालय अशोकनगर में कलेक्टर को प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपेगी। आंगनवाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका बहने सन 1975 से निरंतर नौनिहालों,एवं महिलाओं को पोषण,स्वास्थ्य,शिक्षा सहित अन्य कामों को ईमानदारी से करती चली आ रही हैं परन्तु केंद्र एवं प्रदेश सरकार अल्प मानदेय में काम कराती चली आ रही हैं परन्तु आज तक उनको नियमित नहीं किया गया। अल्प मानदेय में सरकार द्वारा काम पर काम ऑनलाइन, ऑफलाइन कराया जा रहा है, वर्तमान में प्रात: 7: 55पर ऑनलाइन हाजरी केंद्र लोकेशन पर रहकर लगानी पड़ रही हैं। और दोपहर 3 बजे तक केंद्र पर हितग्राहियों को लाभान्वित करती हैं। कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के भी छोटे छोटे बच्चे हैं उनको भी सुबह नाश्ता ,भोजन बनाकर स्कूल भेजना पड़ता हैं ।



**कलश स्थापना**

## मुनिश्री पुंगव श्री सुधासागर महाराज ने भक्तों की जय जयकार के बीच की चातुर्मास की कलश स्थापना

# चातुर्मास सुख सुविधा के लिए नहीं छोटे-छोटे जीव जंतुओं की रक्षा के लिए होता है : मुनिश्री

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जैन दर्शन के विख्यात संत मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ वर्णी महाराज गंभीर सागर, क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर, क्षुल्लक श्री विदेह सागर महाराज ससंघ 21 त्यागीयो के साथ मंगल पावन वर्षायोग की स्थापना दोपहर बाद देशभर से पहुंचे भक्तों की जय जयकार के बीच स्थापित करने की घोषणा नगर गौरव प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के मंत्रोच्चार के साथ की गई। चातुर्मास हेतु मुख्य कलश जैन समाज के महामंत्री, प्रथम मंगल अध्यक्ष परिवार ने स्थापित किया। वहीं आचार्यश्री के चित्र के समक्ष कलेक्टर आदित्य सिंह, एसपी विनीत कुमार जैन ने श्रीफल समर्पित कर दीप प्रज्जवलन किया गया। वहीं दीप स्थापना का सौभाग्य अमित भारिल्य को बही ध्वजारोहण रमेश गदिया गांधी धाम की ओर से मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया सुयश के मंत्रोकचार के बीच स्थापित किया। इस दौरान विधायक हरिबावू राय, नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, जिला मंत्री मनोज शर्मा ने भी पूज्यश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।



**दान देने से धन कभी कम नहीं होता वढता ही चला जाता है:**

इस दौरान धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि दान बोलने से धन बढ़ता चला जाता है जो खुद ही अपने आप दान बोलते हैं वे दिन दुने रात चौगुने फलते हैं कभी भी गुरु के पास जाना लेने के लिए नहीं गुरु को कुछ देने जाना मैंने अनुभव किया इसलिए कह रहा हूं जब 2012 में परम पूज्य आचार्य श्री के दर्शन करने गया था लोग कह रहे थे आचार्यश्री बहुत प्रसन्नता से आशीर्वाद दे रहे थे मैं तो नमोस्तु करने धोक देने गया एक ही ध्यान था यहां कोई विशुद्धि कम ना हो जाए कहीं अहंकार ना आ जाए, अपने भारतीय दर्शन भगवान के भोजन का इंतजाम भी भक्त करता है, ऐसा क्यों क्या भगवान के पास खाने को नहीं है नहीं नहीं महानुभाव भगवान को आपके भोग की जरूरत ही नहीं है उसे भूख ही नहीं है इससे वे ऊपर उठ चुके हैं। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में जीवों की इतनी प्रजातिया बढ़ जाती है और जीव राशि में असीमा हों जाती है जैन साधु तो बहता पानी रमता जोगी की तरह रहते हैं तब महावीर ने कहा कि छोटे-छोटे जीव भी जीना चाहते हैं। चातुर्मास सुख सुविधा के लिए नहीं चातुर्मास अहिंसा का प्रतीक है, जीये और जीने दो को सार्थक करने के लिए है साधु हमेशा सावधानी पूर्वक चलते हैं, देखकर चलने से साधु की एनर्जी पेरों में आ जातीं हैं इसी एनर्जी को पाने के लिए आप साधु के पाद प्रक्षालन के लिए दौड़ पड़ते हैं।

**पांच हजार श्री फल से सजाया महा श्रीफल:**

मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में जहां देशभर से पहुंचे भक्तों ने अपनी-अपनी अलग पहचान बनाये रखने के लिए प्रस्तुति दी, वहीं बहुवलि सेवा मंडल ललितपुर ने पांच हजार श्रीफल से सुसज्जित महा श्रीफल को हईडरा मशीन से मंच पर पहुंचा कर ललितपुर समाज की ओर से भेंट किए जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। इस चातुर्मास स्थापना समारोह में कलकत्ता से बहुवलि ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष अशोक ममता सेठी, गांधी घाम गुजरात के रमेश गांधी टुंडला, उत्तर प्रदेश के अनिल जैन, मुम्बई के तरुण काला, अलवर राजस्थान के जयंती परिवार कलशों की स्थापना अपनी भावनाओं के साथ की।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति की बैठक संपन्न, अर्जुन बने अध्यक्ष

**समिति की दूसरी बार मिली जिम्मेदारी**

**बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति मुंगावली की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें समिति के आगामी आयोजनों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अर्जुन सिंह यादव को पुन: समिति का अध्यक्ष चुना गया। अपने पुन: निर्वाचन पर श्री यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा भरोसा दिलाया कि इस वर्ष भी पूर्व वर्षो से बेहतर आयोजन कराए जाएंगे। बैठक में आगामी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी विगत वर्षों की भांति भव्य चल समारोह सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ निकाला जाएगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। इस बार समिति द्वारा समाज सुधार की दिशा में नवाचारों को भी सम्मिलित किया गया है। निर्णय लिया गया कि ऐसे लोग जो मृत्यु भोज में चिट्ठी न छपवाएं, दहेज का विरोध करें, दिन में विवाह करें या गौसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हों ऐसे समाज हितैषी व्यक्तियों को भी सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। बैठक के दौरान अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष खलक सिंह यादव जारोली का समिति द्वारा सम्मान किया गया। समिति ने समस्त नगरवासियों से अपील की कि वे इस वर्ष के श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को अधिक उत्साह एवं एकता के साथ सफल बनाने में सहयोग करें।